भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2374**

**उत्तर देने की तारीख 13.03.2025**

**आन्ध्र प्रदेश में पीएम-जनमन के अंतर्गत प्रस्ताव**

**2374. डॉ. बायरेड्डी शबरी:**

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की जिलावार जनसंख्या कितनी है;

(ख) प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश से योजनावार और घटकवार कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) आन्ध्र प्रदेश में पीएम-जनमन की प्रत्येक योजना और घटक के अंतर्गत जिलावार क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और क्या उपलब्धि प्राप्त की गई है;

(घ) नान्दयाल जिले पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए लंबित, चल रही और पूरी हो चुकी परियोजनाओं सहित उक्त प्रस्तावों की परियोजनावार स्थिति क्या है;

(ङ) आन्ध्र प्रदेश विशेषकर नान्दयाल जिले में इन परियोजनाओं के लिए कुल कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई; और

(च) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन में कौन-कौन-सी चुनौतियों को चिह्नित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनके समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क)** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/विभागों के माध्यम से पीएम गति शक्ति मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आवास स्तर पर डेटा संग्रह कार्य शुरू किया है, ताकि पीएम जनमन के तहत कवर किए गए गांवों और बस्तियों में रहने वाली पीवीटीजी आबादी को कवर करने के लिए पीवीटीजी आबादी के आंकड़ों और बुनियादी ढांचे के अंतरों का अनुमान लगाया जा सके। एकत्र किए गए (28.02.2025 तक) और राज्य जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा पुष्टि किए गए आंकड़ों के आधार पर, आंध्र प्रदेश में पीवीटीजी आबादी का जिला-वार अनुमान **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**(ख) से (ङ)** नान्दयाल जिले सहित आंध्र प्रदेश में इसकी शुरुआत से पीएम जनमन के तहत दिए गए लाभों का विवरण निम्नानुसार है:

| मंत्रालय | उपाय | स्वीकृतियां (पूर्णताएं) | वित्तीय स्वीकृतियां (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण विकास | पक्के मकान | 36331 घर (467 पूर्ण) | 44.33 |
| | संपर्क सड़क | 612.718 किमी सड़क | 280.53 |
| जल शक्ति | पाइप से जलापूर्ति | 1859 गांव (380 संतृप्त) | उपलब्ध नहीं है |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) | 141 एमएमयू स्वीकृत | 40.31 |
| महिला एवं बाल विकास | आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) | 266 आंगनवाड़ी (139 केन्द्र क्रियाशील) | 43.44 |
| शिक्षा | छात्रावास | 8 छात्रावास स्वीकृत | 18.85 |
| विद्युत | घरों का विद्युतीकरण | 25054 आवास (24411 आवास विद्युतीकृत) | 88.71 |
| नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा | घरों का विद्युतीकरण | 1675 आवास (105 आवास विद्युतीकृत) | 8.38 |
| दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय | मोबाइल टावर | 1300 बस्तियों की योजना बनाई गई (620 बस्तियों को कवर किया गया) | 94.5 |
| जनजातीय कार्य | बहुउद्देशीय केंद्र (एमपीसी) | 125 एमपीसी (122 क्रियाशील) | 19.97 |
| | वीडीवीके की स्थापना | 73 वीडीवीके (53 वीडीवीके क्रियाशील) | 3.105 |

# संबंधित मंत्रालयों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार

*मंत्रालय में अप्रयुक्त निधियों का राज्य-वार/जिला-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

**(च)** आंध्र प्रदेश में पीएम जनमन के कार्यान्वयन में कोई विशेष चुनौती नहीं देखी गई है।

**अनुलग्नक-I**

**"आंध्र प्रदेश में पीएम-जनमन के अंतर्गत प्रस्ताव" के संबंध में डॉ. बायरेड्डी शबरी द्वारा दिनांक 13.03.2025 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2374 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

आंध्र प्रदेश में जिला-वार पीवीटीजी जनसंख्या

| **क्र.सं.** | **जिला** | **पीवीटीजी जनसंख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | 263322 |
| 2 | अनकापल्ली | 8552 |
| 3 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा | 560 |
| 4 | पूर्वी गोदावरी | 602 |
| 5 | एलुरु | 9347 |
| 6 | काकीनाडा | 2936 |
| 7 | नांदयाल | 8640 |
| 8 | एनटीआर | 676 |
| 9 | पालनाडू | 8461 |
| 10 | पार्वतीपुरम मान्यम | 104674 |
| 11 | प्रकाशम | 14205 |
| 12 | श्रीकाकुलम | 65915 |
| 13 | विजयनगरम | 6042 |
| | **कुल** | **493932** |

*****